Regarding need to issue fresh SOPs for use of pesticides and chemicals in agriculture-Laid

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** मैं राजस्थान, विशेषकर चुरू सहित राज्य के कृषि क्षेत्रों में उत्पन्न अत्यंत चिंताजनक स्थिति की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। हाल ही में प्रकाशित एक खोजी रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि किसानों के रक्त परीक्षण में खतरनाक स्तर के कीटनाशक व रासायनिक तत्व पाए गए हैं। 19 किसानों की जाँच में ऑर्गेनोफॉस्फेट, प्रायथ्रॉइड, ग्लाइफोसेट जैसे तत्वों की उपस्थिति दर्ज की गई है, जो कैंसर, तंत्रिका तंत्र क्षति, हार्मोन असंतुलन और दीर्घकालीन स्वास्थ्य हानि के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। यह स्थिति केवल खेतों में फसल पर नहीं, बल्कि किसानों के शरीर में जहर घुलने का भयावह संकेत है। राजस्थान के मरु-क्षेत्रों में पहले से ही जल, मिट्टी और पर्यावरण पर अत्यधिक रसायनों का प्रभाव बढ़ रहा है। किसान लगातार अधिक उत्पादन की मजबूरी में प्रतिबंधित या उच्च-दुष्प्रभावी रसायनों का उपयोग कर रहे हैं, जिसके परिणाम अब सीधे मानव शरीर में दर्ज हो रहे हैं। अत: अनुरोध है कि सरकार त्वरित चिकित्सा हस्तक्षेप व स्वास्थ्य सर्वेक्षण चलाए, रसायन उपयोग की नई एसओपी जारी करे, सुरक्षित कृषि, आईपीएस व जैविक विकल्पों हेतु विशेष पैकेज घोषित करे। यह एक उभरता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। शासन की समय पर कार्रवाई अनिवार्य है।